# उत्तर प्रदेश जल विद्युत निगम लिमिटेड

**UTTAR PRADESH JAL VIDYUT NIGAM LIMITED**

(A U.P. Govt. Enterprise)

Save Energy for Benefit of Self and Nation

स्वहित एवं राष्ट्रहित में बिजली बचाएं

CIN-U31901UP1985SGC007135

**Registered/Corporate Office:**
12th Floor, Shakti Bhawan Extension,
14- Ashok Marg, Lucknow- 226001
Phone: 0522-2287037
RAX No. : 0522- 2287701 Ext. 4653

रजिस्टर्ड/कारपोरेट कार्यालय :
12वां तल, शक्ति भवन विस्तार,
14–अशोक मार्ग, लखनऊ–226001
फोन: 0522–2287037
रैक्स नं0 : 0522–2287701 वि.नं.–4653

---

संख्या– 3418 /का0 एवं प्रशा0/जविनिलि0/22–20(28)/2003/वा0–II                दिनांक 22/8/2022

1– अधीक्षण अभियन्ता, जल विद्युत उत्पादन मण्डल, पिपरी/खारा/माताटीला।

2– अधिशासी अभियन्ता, जल विद्युत उत्पादन खण्ड, पिपरी/ओबरा/खारा/माताटीला/मुजफ्फरनगर।

3– अधिशासी अभियन्ता (परि0 एंव अनु0), रिहन्द जल विद्युत गृह, पिपरी।

4– अधिशासी अभियन्ता, रिहन्द कालोनी सिविल अनुरक्षण खण्ड, पिपरी/जानपद निर्माण खण्ड, खारा–बादशाहीबाग।

विषयः उ0 प्र0 जल विद्युत निगम लि0 में चतुर्थ श्रेणी (चपरासी अथवा समकक्ष) पद से तृतीय श्रेणी (कार्यालय सहायक–तृतीय) के पद पर विभागीय चयन प्रक्रिया के माध्यम से पदोन्नत किये जाने के सम्बन्ध में ।

महोदय,

कृपया अवगत कराना है कि निगम में लागू पूर्ववर्ती राज्य विद्युत परिषद लिपिकीय अधिष्ठान नियमावली–1970 (यथा संशोधित) के विनियम–5 (भर्ती के स्रोत) के संशोधन विषयक कार्यालय ज्ञाप संख्या–2153/का0 एवं प्रशा0/जविनिलि0/20–20(28)/2003/वा–II दिनांक 31.08.2020 (छाया प्रति संलग्न) के प्राविधानान्तर्गत निगम में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों की कार्यालय सहायक–तृतीय के पद पर चयन वर्ष 2022–23 में इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण (15%) कोट के अन्तर्गत चयन के माध्यम से प्रोन्नति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

उपरोक्त के परिप्रेक्ष्य मे यह कहने का निदेश हुआ है कि आपके अधीनस्थ कार्यालय में कार्यरत ऐसे चतुर्थ श्रेणी कार्मिक (परिचालकीय संवर्ग के तकनीकी पदों को छोड़ते हुए), जो उपरोक्त कार्यालय ज्ञाप संख्या–2153/का0 एवं प्रशा0/जविनिलि0/20–20(28)/2003/वा–II दिनांक 31.08.2020 में प्राविधानित अर्हता पूर्ण करते हों एवं कार्यालय सहायक–तृतीय के पद पर विभागीय चयन प्रक्रिया के माध्यम से प्रोन्नति हेतु इच्छुक हों, से संलग्न प्रारूप–01 में सूचना प्राप्त करते हुए एवं प्रारूप–02 (वार्षिक प्रविष्टियों का सार) में अपने अधिनस्थ कार्यालय से सूचना तैयार कर समेकित प्राप्त सूचना को उनकी सेवा पुस्तिका/व्यक्तिगत पत्रावली से मिलान करते हुए नियंत्रक अधिकारी की मुहर एवं हस्ताक्षर युक्त संस्तुति सहित, आप अपने नियंत्रक अधिकारी के माध्यम से इस कार्यालय को विलम्बतम दिनांक 03.09.2022 तक अवश्यमेव उपलब्ध कराने का कष्ट करें। उपरोक्त तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

संलग्नः– यथोपरि ।

भवदीय,

22/08/2022

(मो0 अलीम)
उप सचिव (का0 एवं प्रशा0)

क्रमशः––––––2/–

संख्या– /का0 एवं प्रशा0/जविनिलि0/22–20(28)/2003/वा0–II, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को संलग्नकों सहित इस आशय के साथ प्रेषित है कि अपने अधीनस्थ कार्यरत इच्छुक चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों से संलग्न प्रारूप पर विवरण प्राप्त कर निर्धारित तिथि के भीतर इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें :–

1. प्रवन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल विद्युत निगम लि0, लखनऊ के निजी सचिव।
2. शिविर सहायक निदेशक (तकनीकी)/(वित्त), उ0प्र0 जल विद्युत निगम लि0, लखनऊ।
3. मुख्य अभियन्ता (परि0 एवं अनु0)/(एम0पी0एस0), उ0प्र0 जल विद्युत निगम लि0, लखनऊ।
4. महाप्रवन्धक (का0 एवं प्रशा0), उ0प्र0 जल विद्युत निगम लि0, लखनऊ।
5. अधीक्षण अभियन्ता, जानपद निर्माण मण्डल, लखनऊ।
6. उप महाप्रवन्धक (वित्त एवं लेखा), उ0प्र0 जल विद्युत निगम लि0, विकासदीप, लखनऊ।
7. अधिशासी अभियन्ता (मु0), उ0प्र0 जल विद्युत निगम लि0, लखनऊ को इस आशय के साथ भी प्रेषित कि प्रस्तुत पत्र संलग्नकों सहित निगम के वेबसाईट पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।
8. नोटिस बोर्ड।

संलग्नः– यथोपरि ।

(मो0 अलीम)
उप सचिव (का0 एवं प्रशा0)

(प्रारूप–01)

## उ0 प्र0 जल विद्युत निगम लि0 में चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों की कार्यालय सहायक–तृतीय के पद पर पदोन्नति हेतु चयन में सम्मिलित होने के लिये भरा जाने वाला प्रपत्र

आवेदक का नवीनतम पासपोर्ट साइज का फोटो लगायें, जो नियंत्रक अधिकारी द्वारा सत्यापित हो।

1. पूरा नाम (हिन्दी मे) :........................................
2. पूरा नाम (अंग्रेजी मे)(बड़े अक्षरों में) :........................................
3. पिता/पति का नाम :........................................
4. पता (स्थाई) :........................................
   ........................................
   (अस्थाई) :........................................
   ........................................
5. वर्ग (सामान्य/अ0पि0व0/अनु0जाति/अनु0जनजाति) : ........................................
6. राष्ट्रीयता :........................................
7. जन्मतिथि :........................................
   (इसकी पुष्टि हेतु हाईस्कूल प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति संलग्न करें)
8. वर्तमान पदनाम एवं वेतनमान :........................................
   ........................................
9. योग्यतायें :–

(अ) शैक्षिक :–

| उत्तीर्ण की गयी परीक्षा | संस्था का नाम | बोर्ड/विश्वविद्यालय | उत्तीर्ण करने का वर्ष | प्राप्तांक | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | | | | | |
| 2. | | | | | |
| 3. | | | | | |
| 4. | | | | | |
| 5. | | | | | |

सम्बन्धित प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रतिलिपि संलग्न करें।

(ब) कम्प्यूटर ज्ञान :–

| कोर्स का नाम | उत्तीर्ण करने का वर्ष | कोर्स की अवधि | संस्था का नाम |
|---|---|---|---|
| | | | |

कम्प्यूटर ज्ञान से सम्बन्धित प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रतिलिपि संलग्न करें।

10. विभाग में प्रथम नियुक्ति (नियमित) का विवरण :–

| विभाग में प्रथम नियुक्ति की तिथि | पदनाम | नियुक्ति पत्र की संख्या व दिनांक | कार्यभार ग्रहण करने की तिथि | खण्ड का नाम, जहाँ कार्यभार ग्रहण किया | सेवा स्थायीकरण की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

11. वर्तमान तैनाती स्थल एवं इकाई का नाम :........................................

12. नियुक्ति की तिथि से की गई सेवाओं का विवरण :–

| क्र0 सं0 | खण्ड का नाम | पद जिस पद पर कार्य किया | अवधि | |
|---|---|---|---|---|
| | | | कब से | कब तक |
| | | | | |
| | | | | |

13. पूर्व में प्रदत्त दंड/निलम्बन तथा वर्तमान में प्रचलित जाँचों का विवरण, यदि कोई हो :–

| क्र0 सं0 | विभागीय जाँच/ दंड/निलम्बन का विवरण | निलंबन का समय कब से कब तक, यदि कोई हो | विभागीय जाँच/दंड/निलम्बन की अद्यतन स्थिति | खण्ड का नाम, जहाँ कार्यरत थे | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

14. स्थाई है या अस्थाई :–

(क) पद जिस पर स्थाई है :–

(ख) स्थाई होने की तिथि :–

(ग) पत्र संख्या एवं दिनांक, जिसके द्वारा स्थाई किये गये :–

मै.........................................................पुत्र/पुत्री/पत्नी श्री .......................................................पदनाम...................................... एतदद्वारा घोषणा करता हूँ कि इस प्रपत्र में दिये गये सभी विवरण मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार पूर्णतया सही है और यदि इस प्रपत्र में दी गई कोई भी सूचना असत्य पाई जाये तो मुझे परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये अयोग्य मान लिया जाये और यदि इस अवधि में मेरी पदोन्नति हो जाती है, तो मुझे अपने पूर्व कार्यरत पद पर प्रत्यावर्तित कर दिया जाए।

गवाह :–

1. (पूरा नाम , पता व हस्ताक्षर)

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर
(पूरा नाम)..........................

2. (पूरा नाम, पता व हस्ताक्षर)

बॉये हाथ के अँगूठे का निशान

नियंत्रक अधिकारी द्वारा दिया गया प्रमाण पत्र :–

प्रमाणित किया जाता है कि :–

1. अभ्यर्थी द्वारा अंकित विवरण का सेवा अभिलेखों से मिलान कर लिया गया है तथा सत्यापित किया जाता है कि अभ्यर्थी द्वारा दिंये गये उपरोक्त विवरण सही है।
2. प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त कार्मिक नियमित अधिष्ठान में स्थाई कार्मिक के रूप में कार्यरत हैं तथा कार्यालय के अभिलेखानुसार इनके विरूद्व वर्तमान में कोई विभागीय जॉच लम्बित नहीं है।

अथवा

कार्यालय के अभिलेखानुसार इनके विरूद्व वर्तमान में विभागीय जॉच लम्बित है, जिसका विवरण क्रमांक–13 पर अंकित है।

नियन्त्रक अधिकारी के
हस्ताक्षर, मुहर सहित

नोट :–आवेदक को यह निर्देशित किया जाता है कि लिखित परीक्षा के समय वे अपने साथ वही फोटो लायें जो उनके द्वारा उक्त आवेदन पत्र पर चस्पा की गई है।

(प्रारूप–02)

कार्मिक का नामः–
पदनामः–
नियुक्ति की तिथिः–
स्थाई की तिथिः–
सेवानिवृत्त की तिथिः–
विगत 05 वर्षो की वार्षिक प्रविष्टियों का सार :–

| क्र0सं0 | वर्ष | अवधि | प्रतिवेदक अधिकारी का मन्तव्य | समीक्षक अधिकारी का मन्तव्य | अन्तिम अधिकारी का मन्तव्य | सत्यनिष्ठा प्रमाणन की स्थिति | टिप्पणी,यदि कोई हो। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2017–2018 | | | | | | |
| 2. | 2018–2019 | | | | | | |
| 3. | 2019–2020 | | | | | | |
| 4. | 2020–2021 | | | | | | |
| 5. | 2021–2022 | | | | | | |
| विभागीय कार्यवाही/जांच इत्यादि की स्थिति | | | | | | | |
| संगत अवधि में दण्ड की स्थिति | | | | | | | |

अभियुक्ति :–

(नियंत्रक अधिकारी का हस्ताक्षर तथा नाम व पदनाम, मुहर सहित)

# उत्तर प्रदेश जल विद्युत निगम लिमिटेड
UTTAR PRADESH JAL VIDYUT NIGAM LIMITED
(A U.P. Govt. Enterprise)
Save Energy for Benefit of Self and Nation
स्वहित एवं राष्ट्रहित में बिजली बचाएं
CIN-U31901UP1985SGC007135

Registered/Corporate Office:
12th Floor, Shakti Bhawan Extension,
14- Ashok Marg, Lucknow- 226001
Phone 0522-2287037
FAX No 0522- 2287701 Ext. 4653

रजिस्टर्ड/कारपोरेट कार्यालय :
12वा तल, शक्ति भवन विस्तार,
14-अशोक मार्ग, लखनऊ-226001
फोन 0522-2287037
फैक्स न0 0522-2287701 वि न-4653


Issue
31/08/20

संख्या- 2153/का0 एवं प्रशा0/जविनिलि0/20-20(28)/2003/वा0-II    दिनांक 31.08.2020

## कार्यालय ज्ञाप

एतद्द्वारा निदेशक मण्डल की 119वीं बैठक, जो दिनांक 21.01.2020 को सम्पन्न हुई, के एजेन्डा बिन्दु सं0-13 पर लिए गए निर्णयानुसार निर्गत कार्यालय ज्ञाप संख्या-332/का0एवं प्रशा0/जविनिलि0/2020-20(28)/2003 (वा0-II) दिनांक 31.01.2020, जिसके द्वारा निगम में चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों की कार्यालय सहायक-तृतीय के पद पर पदोन्नति हेतु लागू पूर्ववर्ती राज्य विद्युत परिषद लिपिकीय अधिष्ठान नियमावली-1970 (यथासंशोधित) के विनियम-5 (भर्ती के स्रोत्र) के सम्बन्ध में निर्गत निगमादेश संख्या-443/का0 एवं प्रशा0/जविनिलि0/13-20 (28)/2003 दिनांक 07.06.2013 द्वारा लागू अंको के विभाजन के प्राविधानों को उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-93/उनिलि/रिफार्म/विनियम:171-46 2017 दिनांक 19.05.2017 के पृष्ठ संख्या 02 एवं 03 पर परीक्षा हेतु अंको के निर्धारण सम्बन्धी प्रतिपादित व्यवस्था से प्रतिस्थापित करते हुये यह भी प्राविधानित किया गया कि किसी वर्ष की गोपनीय आख्या खराब होने अथवा उस वर्ष में दण्ड दिए जाने की स्थिति में उस वर्ष के अंक शून्य माने जायेंगे, को और अधिक बोधगम्य बनाने के उद्देश्य से स्पष्ट किया जाता है कि निम्नलिखित तालिका के स्तम्भ-1 में निगम में दिनांक 31.01.2020 के पूर्व लागू कार्यालय ज्ञाप संख्या-443/का0 एवं प्रशा0/जविनिलि0/13-20(28)/2003 दिनांक 07.06.2013 के प्राविधानों को स्तम्भ-2 में कार्यालय ज्ञाप संख्या-332/का0 एवं प्रशा0/जविनिलि0/2020-20(28)/2003 (वा0-II) दिनांक 31.01.2020 द्वारा निगम में लागू अद्यतन विनियम से प्रतिस्थापित किया गया है :-

| स्तम्भ-1<br>पूर्व में लागू विनियम | स्तम्भ-2<br>प्रतिस्थापित विनियम |
|---|---|
| 5 भर्ती के स्रोत | 5. भर्ती के स्रोत |
| कार्यालय सहायक (श्रेणी-3) | कार्यालय सहायक (श्रेणी-3) |
| (1) प्रतियोगितात्मक परीक्षा द्वारा सीधी भर्ती से - 80 प्रतिशत | (1) प्रतियोगितात्मक परीक्षा द्वारा सीधी भर्ती - 80 प्रतिशत |
| (2) चतुर्थ श्रेणी (समूह-घ) के कर्मचारियो मे से जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप मे 05 वर्ष की निरन्तर नियमित सेवा पूरी कर ली हो, पदोन्नति द्वारा निर्धारित चयन प्रकिया के अनुसार निम्नवत् की जायेगी :- | (2) चतुर्थ श्रेणी (समूह-घ) के कर्मचारियो में से जिन्होने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप मे 05 वर्ष की निरन्तर नियमित सेवा पूरी कर ली हो, पदोन्नति द्वारा निर्धारित चयन प्रकिया के अनुसार निम्नवत् की जायेगी :- |
| (अ) चतुर्थ श्रेणी (समूह-घ) के इण्टरमीडिएट अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण एवं टंकण की योग्यता के साथ-साथ NIELIT (National Institute of Electronics & Information Technology) से बेसिक कम्प्यूटर पास, कम्प्यूटर भिज्ञ कर्मचारियों मे से - 15 प्रतिशत | (अ) चतुर्थ श्रेणी (समूह-घ) के इण्टरमीडिएट अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण एवं टंकण की योग्यता के साथ-साथ NIELIT (National Institute of Electronics & Information Technology) से बेसिक कम्प्यूटर पास, कम्प्यूटर भिज्ञ कर्मचारियों में से - 15 प्रतिशत |
| (ब) चतुर्थ श्रेणी (समूह-घ) के स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण एवं टंकण की योग्यता के साथ-साथ NIELIT (National Institute of Electronics & Information Technology) से बेसिक कम्प्यूटर पास, कम्प्यूटर भिज्ञ कर्मचारियों मे से -05 प्रतिशत | (ब) चतुर्थ श्रेणी (समूह-घ) के स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण एवं टंकण की योग्यता के साथ-साथ NIELIT (National Institute of Electronics & Information Technology) से बेसिक कम्प्यूटर पास, कम्प्यूटर भिज्ञ कर्मचारियों में से - 05 प्रतिशत |
| उपनियम (2) के अधीन पदोन्नति द्वारा भर्ती श्रेष्ठता के आधार पर चयन समिति के माध्यम से चयन के लिये एक सामान्य लिखित परीक्षा साक्षात्कार और चरित्र पजी का मूल्यांकन करके किया जायेगा। | उपनियम (2) के अधीन पदोन्नति द्वारा भर्ती श्रेष्ठता के आधार पर चयन समिति के माध्यम से चयन के लिये एक सामान्य लिखित परीक्षा, टंकण परीक्षा एवं चरित्र पजी मूल्यांकन करके किया जायेगा। |

लिखित परीक्षा, साक्षात्कार और चरित्र पंजी मूल्यांकन के लिये निर्धारित किये गये अधिकतम अंक निम्न प्रकार होंगे :–

| | | |
|---|---|---|
| (अ) लिखित परीक्षा | – | 30 अंक |
| (ब) साक्षात्कार | – | 10 अंक |
| (स) चरित्र पंजी मूल्यांकन | – | 10 अंक |
| कुल | – | 50 अंक |

टिप्पणी – लिखित परीक्षा का एक प्रश्नपत्र होगा। प्रश्नपत्र दो भागों में होगा प्रत्येक भाग पन्द्रह अंको का होगा। पहला भाग एक साधारण विषय पर हिन्दी निबन्ध लेखन का होगा और दूसरा सामान्य ज्ञान का होगा।

टिप्पणी :– पदोन्नति द्वारा भर्ती के लिये हिन्दी टंकण की एक अर्हता परीक्षा भी आयोजित की जायेगी, जैसा समय–समय पर निर्दिष्ट की जाये। यह परीक्षा अर्हिता करने को किसी अभ्यर्थी की हिन्दी टंकण में पच्चीस शब्द प्रति मिनट गति होना आवश्यक है।

| क्रम सं0 | विवरण | अधिकतम अंक | निर्धारित समय |
|---|---|---|---|
| 1 | लिखित परीक्षा * | 40 | 01 घण्टा |
| 2 | कम्प्यूटर पर टंकण परीक्षा ** (अंग्रेजी अथवा हिन्दी) (20 शब्द प्रति मिनट अनिवार्य) | – | 05 मिनट |
| 3 | चरित्र पंजिका *** | 10 | – |

नोट :–

(1)* लिखित परीक्षा का स्तर इण्टरमीडिएट के समकक्ष होगा तथा प्रश्न पत्र में निम्नलिखित विषय होगें :–

(I) हिन्दी अथवा अंग्रेजी भाषा में कॉम्प्रीहेंशन (गद्यांश सम्बन्धित प्रश्नों के उत्तर के रूप में)

(II) सामान्य ज्ञान

लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा तथा उत्तीर्ण करने हेतु न्यूनतम 13 अंक निर्धारित होगे।

(2)**लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को ही कम्प्यूटर टंकण परीक्षा हेतु शार्टलिस्ट किया जायेगा एवं कम्प्यूटर टंकण परीक्षा अर्हकारी प्रकृति की होगी।

(3)***अधिकतम 10 अंक चयन वर्ष से पूर्व के 05 वर्षों की चरित्र पंजिका हेतु निर्धारित है। जिसमें 02 अंक प्रतिवर्ष चरित्र पंजिका में दिये गये संतोषजनक एवं इसके ऊपर के चरित्र हेतु निर्धारित होगें। जिस वर्ष की गोपनीय आख्या खराब हो अथवा कोई दण्ड दिया गया हो तो उस वर्ष का मूल्यांकन शून्य माना जायेगा।

9. शैक्षिक अर्हताएं (सीधी भर्ती)

कार्यालय सहायक (श्रेणी–3)

(I) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि।

(II) NIELIT (National Institute of Electronics & Information Technology) से बेसिक कम्प्यूटर पास।

(III) कम्प्यूटर पर हिन्दी टंकण में न्यूनतम 40 शब्द प्रति मिनट की गति तथा अंग्रेजी टंकण को अधिमान्यता।

– कोई परिवर्तन नहीं –

इस आदेश के निर्गमन के पूर्व की तिथि तक उक्त कार्यालय ज्ञाप संख्या–332/का0 एवं प्रशा0/जविनिलि0/2020–20(28)/2003 (वा0–II) दिनांक 31.01.2020 यथावत् प्रभावी रहेगा।

प्रबन्ध निदेशक

संख्या– 2153/का0 एवं प्रशा0/जविनिलि0/20–20(28)/2003/वा0–II, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निजी सचिव, प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल विद्युत निगम लि0, लखनऊ।
2. निदेशक (तकनीकी), उ0प्र0 जल विद्युत निगम लि0, लखनऊ।
3. निदेशक (वित्त), उ0प्र0 जल विद्युत निगम लि0, लखनऊ।
4. मुख्य अभियन्ता (परि0 एवं अनु0), उ0प्र0 जल विद्युत निगम लि0, लखनऊ।
5. मुख्य अभियन्ता (एम0पी0एस0), उ0प्र0 जल विद्युत निगम लि0, लखनऊ।
6. महाप्रबन्धक (वित्त एवं लेखा), उ0प्र0 जल विद्युत निगम लि0, लखनऊ।
7. अधीक्षण अभियन्ता, जल विद्युत उत्पादन मण्डल, पिपरी/खारा/माताटीला।
8. कम्पनी सचिव, उ0प्र0 जल विद्युत निगम लि0, लखनऊ।
9. अधिशासी अभियन्ता, जल विद्युत उत्पादन खण्ड, पिपरी/ओबरा/खारा/माताटीला/मुजफ्फरनगर।
10. अधिशासी अभियन्ता, जानपद निर्माण खण्ड, खारा।
11. अधिशासी अभियन्ता, रिहन्द कालोनी सिविल अनुरक्षण खण्ड, पिपरी।

31/8/2020

(आलोक कुमार श्रीवास्तव)
उपमहाप्रबन्धक (का0 एवं प्रशा0)